बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 101 ● नई दिल्ली ● वीरवार 29 जनवरी 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86

### मनरेगा की बहाली के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करेगा विपक्ष : कांग्रेस

नई दिल्ली । कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि विपक्ष महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की बहाली की मांग के लिए सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करेगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के दौरान, सभी विपक्षी दलों ने मनरेगा को बुलडोजर से (संख्या बल के आधार पर बिना आम सहमति बनाये) खत्म किए जाने के खिलाफ पूरे सम्मान और गरिमापूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। रमेश ने 'एक्सपर पोस्ट किया, ''आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में माननीय राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान, सभी विपक्षी दलों ने मनरेगा को बुलडोजर से खत्म किए जाने के खिलाफ पूरे सम्मान और गरिमापूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया।

# जनसेवा, सिद्धांत और संघर्ष की अमिट विरासत– राम बाबू शर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## 500 से अधिक लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जाँच का लाभ, राम बाबू शर्मा दूरदर्शी, कर्मठ और जनप्रिय नेता थे — जयप्रकाश अग्रवाल

नई दिल्ली। ( इंद्रजीत सिंह)दिल्ली की राजनीति और जनसेवा में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले पूर्व विधायक एवं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राम बाबू शर्मा की 17वीं पुण्यतिथि पर कबूल नगर, शाहदरा स्थित श्री साई मंदिर में श्रद्धांजलि सभा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने स्वर्गीय राम बाबू शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवा शिविर के दौरान 500 से अधिक जरूरतमंदों की जाँच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ एवं चश्मे वितरित किए गए, जिससे जनसेवा के प्रति राम बाबू शर्मा की सोच साकार रूप में दिखाई दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल,



स्वर्गीय राम बाबू शर्मा के सुपुत्र एवं पूर्व विधायक विपिन शर्मा, समाजसेवी पारस शर्मा (पिंकी), पूर्व विधायक एवं यमुना पार विकास बोर्ड के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, पार्षद शिवानी पांचाल, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, जुबैर अहमद, भीष्म शर्मा, ईश्वर बागड़ी, अश्वनी शर्मा, सुशील तिवारी, महेश कपूर, मयंक चतुर्वेदी, जय करण चौधरी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय राम बाबू शर्मा एक दूरदर्शी, कर्मठ, सिद्धांतनिष्ठ और जनप्रिय नेता थे, जिनका संपूर्ण जीवन जनसेवा और संगठन निर्माण को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस दल के नेता के रूप में उनके कार्य आज भी प्रेरणास्रोत हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि राजीव भवन का निर्माण स्वर्गीय राम बाबू शर्मा का ऐतिहासिक योगदान है, जो आज भी कांग्रेस संगठन की वैचारिक शक्ति और लोकतांत्रिक संघर्षों का केंद्र बना हुआ है। पूर्व विधायक अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि राम बाबू शर्मा का जीवन इस बात का जीवंत उदाहरण है कि राजनीति सत्ता की नहीं, बल्कि समाज और लोकतंत्र की सेवा का माध्यम होनी चाहिए। एक्रिडेटेड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय राम बाबू शर्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को नमन किया गया। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की विशाल उपस्थिति और सेवा गतिविधियों ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वर्गीय राम बाबू शर्मा आज भी जन-जन के दिलों में जीवित हैं।

## धर्म-परिवर्तन कर अल्पसंख्यक आरक्षण मांग रहे उम्मीदवारों की याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह नए किस्म का फ्रॉड

नई दिल्ली ।



खुद को बौद्ध बता कर मेडिकल पीजी में अल्पसंख्यक आरक्षण मांग रहे 2 उम्मीदवारों को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है. कोर्ट ने इसे नए किस्म की धोखाधड़ी कहा. चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह टिप्पणी तब की जब उसे जानकारी मिली कि लिखित परीक्षा से पहले इन उम्मीदवारों ने खुद को सामान्य वर्ग का बताया था और दोनों हरियाणा की समृद्ध जाट जाति से हैं. कोर्ट ने हरियाणा सरकार से भी इस मामले में कड़े सवाल किए हैं. मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज को बौद्ध अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण दिया जाता है. निखिल कुमार पुनिया और एकता ने सुभारती मेडिकल कॉलेज में नीट पीजी कोर्स में अपने लिए सीट की मांग की है. उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाने का दावा करते हुए एसडीओ (सब डिविजनल ऑफिसर) कार्यालय से जारी प्रमाण पत्र भी पेश किया था. खुद भी हरियाणा से आने वाले चीफ जस्टिस सूर्य कांत ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा, पुनिया उपनाम जाट भी लिखते हैं और अनुसूचित जाति के लोग भी. आप कौन से पुनिया हैं? वकील ने जवाब दिया कि उनके मुवक्किल जाट हैं. इस पर चीफ जस्टिस ने पूछा कि वह अल्पसंख्यक कैसे हो गए?

वकील ने कहा कि उन्होंने धर्म परिवर्तन किया है. यह उनका संवैधानिक अधिकार है. वकील की बात पर सीजेआई ने टिप्पणी की, वाह! यह तो धोखाधड़ी का एक नया तरीका है. आप वास्तविक अल्पसंख्यकों के अधिकार छीनना चाहते हैं.

आप सबसे समृद्ध, सुविधासंपन्न और उच्च जाति समुदायों में से एक से हैं. इस समुदाय के पास कृषि भूमि है. सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं. आपको उन लोगों के अधिकार नहीं छीनने चाहिए, जो वास्तव में वंचित हैं. याचिकाकर्ता के वकील ने बचाव करते हुए कहा, हमने वास्तव में और ईमानदारी से बौद्ध धर्म अपनाया है. इस पर चीफ जस्टिस ने चेतावनी देते हुए कहा, हमें आगे और टिप्पणी करने के लिए मजबूर मत कीजिए. इस तरह की दलील को मंजूरी दी गई तो सभी लोग यही शुरू कर देंगे. उच्च जातियां धर्म परिवर्तन करने लगेंगी और वास्तविक हकदारों के अधिकार का हनन होगा. बेंच के सदस्य जस्टिस जोयमाल्या बागची ने भी याचिकाकर्ता की दलील पर कड़ा एतराज जताया. इसके बाद कोर्ट ने अल्पसंख्यक उम्मीदवार के रूप में प्रवेश की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं का आवेदन खारिज कर दिया. इसके बाद कोर्ट ने हरियाणा सरकार से पूरे घटनाक्रम पर जवाब मांग लिया. कोर्ट ने कहा कि हरियाणा सरकार राय में अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र जारी करने से जुड़े दिशा-निर्देशों की जानकारी दे. सरकार यह साफ करे कि क्या उच्च जाति के सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार, बौद्ध धर्म अपनाने का दावा कर, अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं? कोर्ट ने राय सरकार से 2 सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है.

## द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से मचा हड़कंप; पुलिस कर रही जांच

नई दिल्ली ।

राजधानी दिल्ली के द्वारका कोर्ट में आज सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब कोर्ट परिसर में बम रखे होने की धमकी मिली। ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। इस सूचना के मिलते ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया।

बम की धमकी मिलने की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। साइबर सेल धमकी भरे मेल की जांच कर रही है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को बुलाया गया है। अभी तक कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। साइबर सिटी में 13 निजी स्कूलों में बुधवार की सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भेजे गए हैं। धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन ने एहतियात के तौर पर स्कूलों में छुट्टी कर दी और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही संबंधित स्कूलों में पुलिस की टीमों ने पहुंचकर सर्च अभियान शुरू कर दिया। स्कूलों में बुधवार सुबह धमकी भरा ईमेल उस समय मिला, जब बच्चे स्कूल पहुंच रहे थे या पहुंच चुके थे। धमकी भरी ईमेल स्कूलों को अलग-अलग समय में मिली हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीमों के साथ ही बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड और एसडीआरएफ की टीमों ने संबंधित स्कूलों में पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। जांच टीमों ने स्कूल परिसरों के साथ-साथ आसपास के संवेदनशील इलाकों में भी सघन तलाशी अभियान चलाया। स्कूलों के कमरों, शौचालयों, मैदानों, गमलों से लेकर हर संभावित स्थान की बारीकी से जांच की गई।

पुलिस व अन्य टीमों को जांच में किसी भी स्कूल से कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। फिलहाल पुलिस उस ईमेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने और धमकी के पीछे की सच्चाई जानने के लिए तकनीकी जांच में जुटी है।

## बजट सत्र के दौरान भी उठेगा मनरेगा और एसआईआर का मुद्दा, विपक्ष ने तय की विरोध की रणनीति



नई दिल्ली । संसद में बजट सत्र आज से शुरू है। इस दौरान विपक्षी दलों ने सत्र में नए मनरेगा कानून और एसआईआर के मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने का निर्णय लिया। सूत्रों ने बताया कि कई विपक्षी दलों के नेताओं ने यहां राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में मुलाकात की। इसके साथ ही बजट सत्र के लिए विपक्ष की रणनीति पर चर्चा की।

नेताओं ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान और साथ ही केंद्रीय बजट की प्रस्तुति और उस पर बहस के दौरान भी विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷विपक्ष मनरेगा की बहाली की मांग के लिए सभी लोकतांत्रिक साधनों का इस्तेमाल करेगा।लोकसभा और रायसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान नेताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि यह शर्म की बात है। उन्होंने कहा, आज विपक्ष का जो रवैया रहा, वह देश के लिए शर्म की बात है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को कभी माफ नहीं किया जाएगा। जब वंदे मातरम की 150वीं जयंती पर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि दी जा रही थी, तब विपक्ष ने सदन में हंगामा किया और कार्यवाही बाधित की, जबकि देश को उनके बलिदानों को याद करना चाहिए था।बैठक के दौरान टीएमसी और आप के नेता उपस्थित नहीं थे, जिसमें पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, एआईसीसी महासचिव रमेश और केसी वेणुगोपाल, डीएमके के टीआर बालू, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान, आरजेडी के प्रेम चंद गुप्ता, सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास, सीपीआई के पी संदोष और आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन सहित अन्य लोग शामिल थे। विपक्ष की यह बैठक कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा संसद के बजट सत्र में मनरेगा और एसआईआर से संबंधित मुद्दों को उठाने के निर्णय के एक दिन बाद हुई है। वहीं, सरकार ने इन मुद्दों पर दोबारा बहस करने से इनकार कर दिया था। यह निर्णय मंगलवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर आयोजित पार्टी के संसदीय रणनीति समूह की बैठक में लिया गया, जिसमें लोकसभा और रायसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और खर्गे भी उपस्थित थे।

## अजित पवार को राहुल गांधी की श्रद्धांजलि, बोले- ईमानदार नेता खो दिया, खर्गे ने भी जताया दुख

नई दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका आज सुबह विमान दुर्घटना में निधन हो गया। पवार के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खर्गे ने कहा कि उन्हें एक अनुभवी राजनीतिज्ञ के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने ईमानदारी और सूझबूझ से काम किया। खरगे ने एक्स पर लिखा कि विमान दुर्घटना में अजीत पवार के दुखद निधन की खबर बेहद चौंकाने वाली और बेहद दुखद है। यह एक ऐसे नेता का असामयिक देहांत है जिनका राजनीतिक करियर लंबा और उज्ज्वल था। इस कठिन घड़ी में शोक संतप्त परिवार जिस अपार दुःख से गुजर रहा है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा कि मैं पूरे पवार परिवार, उनके समर्थकों और शुभचिंतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। महाराष्ट्र की जनता की विभिन्न संवैधानिक पदों पर सेवा करने वाले



अजीत पवार को एक अनुभवी राजनीतिज्ञ के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने अपनी जनता के प्रति अपने दायित्वों को ईमानदारी और सूझबूझ से निभाया। उनकी आत्मा को शांति मिले। राहुल गांधी ने आज सुबह मुंबई से बारामती जा रहे चार्टर्ड विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर अजीत पवार और चार अन्य लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया। लोकसभा सांसद ने लिखा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार जी और उनके सहयात्रियों के आज विमान दुर्घटना में निधन की खबर अत्यंत दुखद है। इस दुःख की घड़ी में मैं महाराष्ट्र की जनता के साथ खड़ा हूँ। इस दुख की घड़ी में मैं पूरे पवार परिवार और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। इससे पहले आज, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कह कि मैं पूरे पवार परिवार और उनके समर्थकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूँ। मैंने अजीत पवार की पत्नी और सुप्रिया जी (सुप्रिया सुले) से बात की है। महाराष्ट्र कांग्रेस सांसद प्रणिति शिंदे ने इस खबर पर गहरा सदमा व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह खबर सुनकर विश्वास ही नहीं हो रहा। वे समय के पाबंद थे। उनकी व्यस्त जीवनशैली ने आज उनकी जान ले ली। वे हमेशा अपने पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे।

# गांवों का समग्र विकास चाहती है केन्द्र सरकार: रामवीर सिंह

मुरादाबाद।



ब्लॉक सभागार मूंढापांडे में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में शामिल ग्राम प्रधानों और रोजगार सेवकों को अधिनियम के बारे में बताते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा अनुरूप प्रत्येक गांव को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा यह कानून विकसित भारत जी राम जी लाया गया है। विकसित भारत जी राम जी बिल गांव की समग्र विकास की बेहतर कार्ययोजना तैयार करने का आधार बनेगा। इसके जरिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वावलंबी भारत के निर्माण का स्वपन भी पूरा होगा। जी राम जी के माध्यम से ग्राम पंचायतें गांव के विकास के लिए कार्य का स्वनिर्धारण कर स्वयं इसका क्रियान्वयन भी करेंगी। केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व के मनरेगा योजना को संशोधित कर नवीन रूप में और सशक्त बनाया गया है। यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मददगार होगा। साथ ही पारदर्शी तरीके से श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान प्राप्त होगा और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। इसमें 100 दिवस के स्थान पर 125 दिन काम देने का प्रावधान है। इसके अलावा अब स्थायी स्ट्रक्चर निर्माण के कार्य को भी जोड़ा गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत को इसके लिए बजट पारित करने का अधिकार भी मिलेगा। जी राम जी बिल के संबंध में व्याप्त भ्रांति और भ्रम का समाधान करते हुए बताया कि इसके लागू होने के बाद फर्जी मस्टर रोल की प्रवृत्ति से निजात मिलेगी। सात दिवस में हितग्राही के खाते में मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित होगा और आवेदन देने के 15 दिवस में काम न मिलने पर बेराजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। आप दोनों ग्राम विकास की अहम् कड़ी है, आपके माध्यम से गांव में जन जन तक विकसित भारत जी राम जी की सही जानकारी पहुँचनी चाहिए। बैठक में ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉ नवदीप यादव, रामकिशोर लोधी , बीडीओ अशोक कुमार, एडीओ अमरीश यादव, सतीश प्रजापति, भानु प्रताप, योगेश तोमर ,सतीश सैनी सहित समस्त ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

## शान्त माहौल में सम्पन्न हुआ बार कौंसिल सदस्य का चुनाव




मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के 25 सदस्यीय चुनाव के तहत बुधवार को कचहरी परिसर में मतदान के दूसरे दिन की प्रक्रिया शान्त माहौल में सम्पन्न हुई। सुबह से ही अधिवक्ता मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे। बार काउंसिल सदस्य पद के लिए मुरादाबाद से चुनाव मैदान में उतरे अधिवक्ता सुभाष माथुर, राकेश कुमार वाशिष्ठ और आदित्य राघव के समर्थन में कचहरी परिसर में चहल-पहल बनी रही। यूपी में 333 सीट से होने वाले इस चुनाव में मुरादाबाद के तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें राकेश वशिष्ठ , सुभाष चंद्र माथुर और आदित्य राघव शामिल हैं। स्थानीय प्रत्याशियों के मैदान में होने के कारण मुरादाबाद के अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मतदान केंद्र पर युवा, बुजुर्ग और महिला अधिवक्ता बड़ी संख्या में पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अधिवक्ताओं में सुबह से ही जोश और सक्रियता नजर आई, जिससे कलेक्ट्रेट परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। ठाकुरद्वारा और मुरादाबाद शहर को मिलाकर कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 3,976 बताई जा रही है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई थी। कुल मिलाकर मुरादाबाद में बार काउंसिल चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## रामगंगा विहार से चोरी हुई क्रेटा कार पुलिस ने की बरामद, शातिर ऑटों लिफ्टर को किया गिरफ्तार



मुरादाबाद।

सिविल लाइंस थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने रामगंगा विहार फेस-2 से चोरी हुई हुंडई क्रेटा कार बरामद कर एक शातिर वाहन चोर इस्लामुद्दीन को गिरफ्तार किया है। यह घटना 21 जनवरी को हुई थी, जब रामगंगा विहार फेस-2 से एक क्रेटा कार (यूके 18 एन 4415) चोरी हो गई थी। वाहन मालिक मनोज कपूर की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने लगातार जांच और निगरानी के बाद 27 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की।

पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरी की कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर दो व्यक्ति वेव सिनेमा के पीछे घूम रहे हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी की और कार को रोकने का प्रयास किया। ड्राइवर भागने लगा, जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से इस्लामुद्दीन को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार से असली नंबर प्लेट, दो फर्जी नंबर प्लेट, 1,100 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और दो आधार कार्ड बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी इस्लामुद्दीन ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी अजय उर्फ सोनू के साथ मिलकर यह कार चोरी की थी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी इस्लामुद्दीन पर दिल्ली में वाहन चोरी के 11 से अधिक मामले दर्ज हैं। फरार आरोपी अजय की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना, सब-इंस्पेक्टर सचिन कुमार, आकाश धामा, और कांस्टेबल बाबर व सनी पवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अधिकारियों ने इस गिरफ्तारी को वाहन चोरी रोकने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

## नेपाली मूल की अवैध देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी गोरखपुर के अंतर्गत जीआरपी चौकी सिद्धार्थनगर थाना आनंदनगर ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्ता के कब्जे से नेपाली मूल की अवैध देशी शराब बरामद की गई है।

यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ रामकृष्ण भारद्वाज के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गोरखपुर विनोद कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जीआरपी चौकी सिद्धार्थनगर की टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार, रेलवे स्टेशन सिद्धार्थनगर के महिला टीन शेड के पास से अभियुक्ता गुड़िया पत्नी चन्द्रभान निषाद, निवासी परसा रेलवे स्टेशन के पास थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर (उम्र लगभग 48 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के पास से एक झोले में 20 अदद नेपाली अवैध देशी शराब (प्रत्येक 300 एमएल) बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 6 लीटर एवं अनुमानित कीमत लगभग 1,000 रुपये बताई गई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के उपरांत अभियुक्ता के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 01/26, धारा 60(63) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान अभियुक्ता ने बताया कि वह अपना खर्च चलाने के लिए उत्तर प्रदेश से ट्रेनों के माध्यम से शराब लेकर बिहार राज्य में लगभग दो गुने दाम पर बेचती थी। आज भी वह अवैध रूप से शराब लेकर बिहार जाने की फिराक में थी, तभी जीआरपी टीम ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुग्रीव कुमार जीआरपी चौकी सिद्धार्थनगर, मुख्य आरक्षी बृजेश यादव जीआरपी थाना आनंदनगर, आरक्षी विवेक यादव जीआरपी चौकी सिद्धार्थनगर, आरक्षी देवेंद्र यादव जीआरपी थाना आनंदनगर, आरक्षी दुर्गेश यादव जीआरपी थाना आनंदनगर, महिला कर्मी सुभाषनी शामिल रही।

## दिल्ली रोड से नगर निगम ने हटवाया अतिक्रमण

मुरादाबाद। नगर निगम की टीम ने बुधवार को दिल्ली रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। शुरुआत चौधरी चरण सिंह चौक से की गई। इसके बाद टीम के द्वारा गागन तिराहा तक अभियान चलाया गया। गागन के पास कुछ लोगों के द्वारा फुटपाथ पर कब्जा किया गया था। सभी का पांच-पांच सौ रुपये का चालान काटा गया। हिदायत दी गई की दोबारा फुटपाथ पर कब्जा किया गया तो मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि फुटपाथ लोगों के चलने के लिए बनाया गया है। अतिक्रमण न किया जाए। निगम लगातार अभियान चलाएगा।

## स्वयंसेवकों ने मतदान को लेकर किया जागरूक

मुरादाबाद। चित्रगुप्त इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम मोरा मुस्तकम में हुआ। छात्रों ने स्लोगन, निबन्ध के माध्यम से मतदान के महत्व को समझाया। बाद में ग्राम में मतदाता रैली निकालकर ग्राम वासियों को वोट बनवाने एवं अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने एवं करवाने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव कुमार ने बताया कि जब नागरिक मतदान करते हैं, तो वे स्वतंत्रता, समानता और न्याय जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। चुनाव मतदाताओं को नेताओं को चुनौती देने और उन्हें जवाबदेह ठहराने की शक्ति प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक समूह अत्यधिक शक्तिशाली या जवाबदेही से मुक्त न हो जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ विशेष कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर शोर्य कुमार, यशराज सिंह,देव,फैज खान, अरमान,अंश,शिवा, रोहित कुमार, वासुदेव ने सहयोग किया।

## सूफी अम्बा प्रसाद को दिया जाये भारत रत्न

मुरादाबाद। आईना-ए-उर्दू सहाफत के सम्पादक मुर्तजा इकबाल ने स्वतंत्रता सेनानी सूफी अम्बा प्रसाद को भारत रत्न दिये जाने की वकालत की है। उन्होंने इस संबंध में मण्डलायुक्त को एक ज्ञापन भी दिया है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद सूफी अम्बा प्रसाद के बलिदानी चरित्र एवं क्रान्तिकारी पत्रकारिता को जो महत्व प्रदान किया जाना चाहिये था वह नहीं दिया जा सका। अत्यंत दुर्भाग्य का विषय है कि गवर्मेन्ट कालिज चौराहे पर सूफी अम्बा प्रसाद की मूर्ति न लगाया जाना एवं चौराहे को सूफी अम्बा प्रसाद चौक घोषित न किया जाना प्रशासनिक उदासीनता एवं पक्षपात का प्रतीक है। उन्होंने का कि सूफी अम्बा प्रसाद को उनके त्याग, संघर्ष एवं बलिदानों एवं जान हथेली पर रखकर की गई क्रान्तिकारी पत्रकारिता के परिदृश्य में उन्हें भारत रत्न देने की संस्तुति की जाना आवश्यक है इसके साथ ही नगर निगम मुरादाबाद द्वारा स्वीकृत राजकीय इन्टर कालिज चौराहे का नाम सूफी अम्बा प्रसाद चौक घोषित करके वहां उनके नाम का पत्थर लगाया जाये और उनकी मूर्ति स्थापित की जाये।

## फुल मैराथन में इथोपिया के फिरोनिशा ने मारी बाजी

### *हाफ मैराथन में पंकज व दस में प्रिंस राज मिश्र तथा पांच किमी दौड़ में सोनी रहे अव्वल

बलिया।

द्वाबा के मालवीय पूर्व विधायक मैनेजर सिंह की जयंती पर आयोजित 42.195 किमी के फुल मैराथन में अफ्रीकी देश इथोपिया के निवासी फिरोनिशा ने प्रथम स्थान हासिल किया। फिरोनिशा ने कुल 2 घंटे 8 मिनट में दौड़ पूरा किया। इनके बाद पहुंचे मुजफ्फरनगर के अक्षय कुमार द्वितीय व दिल्ली के अमरेश प्रजापति ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा हाफ मैराथन 21 किमी में वाराणसी के पंकज कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें अयोध्या के प्रिंसराज यादव द्वितीय व आगरा के मनीष सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दस किमी में प्रिंस राज मिश्र प्रथम वाराणसी के आशीष पाल तथा बलिया राकेश वर्मा ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 5 किलोमीटर में वाराणसी की सोनी प्रथम व वाराणसी की ही लक्ष्मी चौहान द्वितीय तथा रूबी पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फिरोनिशा को प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने 2.25 लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया। इसमें दूसरे स्थान पर आए अक्षय कुमार को 1.25 लाख व अमरेश प्रजापति को 75 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। हाफ मैराथन में प्रथम विजेता को 65 हजार व द्वितीय को 45 हजार व तृतीय को 30 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। 10 किमी की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को



25 हजार द्वितीय को 15 हजार व तृतीय को 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। 5 किमी की दौड़ प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार 11 हजार व द्वितीय को 7 हजार तथा तृतीय को 5 हजार की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा सभी श्रेणियों में 50वें स्थान तक आए प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार राशि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8-00 बजे वीर लोरिक स्टेडियम मंत्री द्वय गिरीश चंद्र यादव व दयाशंकर सिंह तथा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन का समापन बैरिया स्थित बाबू मैनेजर सिंह की प्रतिमा स्थल पर जाकर संपन्न हुआ। हाफ मैराथन हल्दी भरसौता पेट्रोल पंप के पास संपन्न हुआ। 10 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता जनाड़ी तक तथा 5 किलोमीटर की कदम चौराहा पर संपन्न हुआ। सभी विजेताओं को पुरस्कार राज बैरिया सुदिष्टपुरी स्थित सुदिष्ट बाबा स्कूल पर प्रदान किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि यह पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है। यह प्रदेश का चौथा मैराथन है जो इतनी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। आने वाले वर्ष में इस आयोजन को और भी भव्य रूप प्रदान किया जाएगा।

कहा कि बलिया का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है और यहां के लोग अपनी प्रतिभा के दम पर पूरे विश्व में अमिट छाप बनाए हुए हैं। द्वाबा के मालवीय कहे जाने वाले बाबू मैनेजर सिंह की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। कहा कि आज भाजपा सरकार में ही खेल को इतना महत्व दिया जा रहा है। बलिया में खेल से संबंधित जो भी डिमांड होगा उसे प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि मेरे मामा मैनेजर सिंह की जयंती पर आयोजित यह मैराथन पूरे जनपद के सहयोग से सकुशल संपन्न हुआ। यह आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

कहा कि युवाओं के लिए जिले में कई स्तर पर विकास के मानचित्र को तैयार किया गया है जो आगे आने वाले दिनों में स्पष्ट दिखाई देगा। प्रदेश सरकार के सहयोग से जिले में विकास के कई कार्यों को कराया जा रहा है और आगे भी जो कार्य आम जनमानस के जनहित में होगा उसे निश्चित तौर पर पूरा किया जाएगा।

***मैनेजर सिंह की प्रतिमा पर हुई माल्यार्पण**

इस दौरान बैरिया तिराहे पर स्थित बाबू मैनेजर सिंह की प्रतिमा स्थल पर लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मंत्रीद्वय गिरीश चंद्र यादव व दयाशंकर सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माला चढ़कर उन्हें नमन किया। इस दौरान द्वाबा क्षेत्र के लोगों ने बैरिया तिराहे पर अतिथियों का जोरदार स्वागत किया।

***बलिया के हर ब्लाक में बनेगा स्टेडियम**

- खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि बलिया के हर ब्लाक में स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। यही नहीं प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में 40 मिनट का खेल प्रतियोगिता अनिवार्य किया गया है। आज प्रदेश में सभी नेशनल पदक विजेताओं को नौकरी दी जा रही है। बलिया का स्पोर्ट्स कालेज भी जल्द तैयार होगा। इसके लिए जो भी बजट लगेगा उसे दिया जाएगा।

***परिवहन मंत्री ने दो धावकों को दिए 50-50 हजार**

- मैराथन में सबसे अधिक उम्र के धावक चौरा कथरिया निवासी 70 वर्षीय चंद्र भान सिंह व 21 किमी तक दौड़ा बेलहरी निवासी कक्षा तीन के छात्र कार्तिक राजभर को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अलग से सम्मानित किया। मंत्री ने दोनों धावकों को 50-50 हजार रुपए का पुरस्कार दिया।

